2018

HINDI

(Major)

Paper : 5.1

(Hindi Ka Upanyas Sahitya)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) अंग्रेजी ढंग का 'पहला मौलिक उपन्यास' का नाम लिखिए।

(ख) प्रेमचंद द्वारा रचित प्रथम हिन्दी उपन्यास का नामोल्लेख कीजिए।

(ग) 'कर्मभूमि' उपन्यास की नायिका कौन है?

(घ) रत्नाम्बर किस उपन्यास का पात्र है?

(ङ) 'मैला आँचल'-उपन्यास के लेखक कौन हैं?

(च) हिन्दी में 'तिलस्मी ऐयारी' उपन्यास के प्रवर्तक का नाम क्या है?

(छ) हिन्दी का उपन्यास सम्राट किसे माना जाता है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) रेणुका कौन है? सुखदा के साथ उसका क्या संबंध है?

(ख) 'चित्रलेखा' उपन्यास के प्रमुख पुरुष पात्रों का नामोल्लेख कीजिए।

(ग) जैनेन्द्र द्वारा रचित किन्हीं दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

(घ) उपन्यास का शाब्दिक अर्थ लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×3=15

(क) उपन्यास को परिभाषित करते हुए उसके स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(ख) प्रेमचंद पूर्व भारतेन्दुयुगीन उपन्यास की प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(ग) 'कर्मभूमि' उपन्यास के नामकरण की सार्थकता पर विचार कीजिए।

(घ) 'चित्रलेखा' उपन्यास के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(ङ) फणीश्वरनाथ रेणु के साहित्यिक योगदान की चर्चा कीजिए।

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

देर से आइए तो जुर्माना; न आइए तो जुर्माना; सबक याद न हो तो जुर्माना; कोई अपराध हो जाए तो जुर्माना; शिक्षालय क्या है, जुर्मानालय है।

अथवा

मनुष्य अपना स्वामी नहीं है वह परिस्थितियों का दास है—विवश है। कर्ता नहीं है, वह केवल साधन है। फिर पुण्य और पाप कैसा?

5. प्रेमचंदयुगीन हिन्दी उपन्यास की विशेषताएँ लिखिए। 10

अथवा

जैनेन्द्र का साहित्यिक परिचय दीजिए।

6. अमरकांत को 'कर्मभूमि' उपन्यास का नायक सिद्ध करते हुए उसके चरित्र की विशेषताएँ रेखांकित कीजिए। 10

अथवा

चित्रलेखा का चरित्र-चित्रण कीजिए।

★★★